### दिल्ली के गोकलपुरी में सेल्समैन पर हमला, पति को बचाने आई पत्नी पर चाकू से वार

पूर्वी दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में गोकलपुरी इलाके में एक सेल्समैन के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सेल्समैन को बचाने के लिए जब उसकी पत्नी आगे आई तो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। घायल अंजू व इनके पति सुनील को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया। सुनील की शिकायत पर गोकलपुरी थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपितों की तलाश में पुलिस छापामारी कर रही है सुनील अपने परिवार के साथ संजय कॉलोनी में रहता है। इलाके में ही रहने वाले अमन व मोहित से उसकी रंजिश चल रही है। सुनील बाजार से सब्जी खरीदने के लिए जा रहा था। रास्ते में अमन व मोहित ने उसे घेर लिया और पिटाई कर दी। पीड़ित किसी तरह से उनसे छूटकर घर की तरफ भागा वहीं, आरोपियों ने पीछा कर उसे उसके घर के बाहर फिर से पकड़ लिया और मारपीट करने लगे।



बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI



रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन

बी-2/370, सुल्तानपुरी

दिल्ली-86



● वर्ष: 24 ● अंक: 11 ● नई दिल्ली ● वीरवार 16 अक्तूबर 2025 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4


## दवा-सौंदर्य प्रसाधन पर सख्त कानून ला रही मोदी सरकार, जांच-निगरानी होगी कड़ी; मसौदा तैयार

नई दिल्ली । कई राज्यों में दूषित कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामलों के बाद केंद्र सरकार दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी के लिए कानून लाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार औषधि, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 2025 का मसौदा मोदी सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश कर सकती है। देश में चिकित्सा उत्पादों के लिए सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण मानदंडों के सख्त अनुपालन की बढ़ती मांग के बीच, केंद्र सरकार चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों के नियमन के साथ-साथ दवा गुणवत्ता परीक्षण और बाजार निगरानी के लिए कानूनी ढंचे को मजबूत करने के लिए एक कानून बना रही है। इस कानून का मसौदा तैयार करने के पीछे एक प्रमुख कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित दुनिया भर के स्वास्थ्य नियामकों द्वारा भारतीय दवा निर्माताओं द्वारा गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियों को लेकर बार-बार की गई शिकायतें और चिंताएं हैं। एक दिन पहले मंगलवार (14 अक्तूबर) को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एक उच्च-स्तरीय बैठक में भारतीय औषधि महानियंत्रक डॉ. राजीव रघुवंशी मसौदा पेश किया गया। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य



मंत्री जेपी नड्डा ने की थी। बैठक के दौरान भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तावित कानून की रूपरेखा प्रस्तुत की। यह बैठक मध्य प्रदेश में दूषित कफ सिरप के कारण कई बच्चों की मौत के कुछ दिनों बाद हो रही है। सूत्रों ने बताया कि स्वीकृत होने के बाद नया कानून सीडीएससीओ अधिकारियों को घरेलू उपयोग और निर्यात दोनों के लिए भारत में निर्मित दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी सुनिश्चित करने का वैधानिक अधिकार प्रदान करेगा। बताया जा रहा है कि नए कानून के तहत, सीडीएससीओ को पहली बार नकली या घटिया दवाओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए वैधानिक अधिकार प्रदान किए जाएंगे। इसी के साथ लाइसेंसिंग प्रक्रिया को डिजिटल बनाने, राय-स्तरीय नियामकों के बीच समन्वय बढ़ाने और परीक्षण प्रयोगशालाओं की क्षमताओं को उन्नत करने के प्रावधान भी शामिल होंगे। बता दें कि यह नया कानून 1940 के औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का स्थान लेगा और इसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य निर्माण से लेकर बाजार वितरण तक, हर स्तर पर जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि नकली और घटिया दवाओं की समस्या अधिकारियों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय रही है।

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा दावा: बिहार में मोदी-नीतीश की सरकार पक्की!

नई दिल्ली । बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को राय में चल रहे विकास पर प्रकाश डाला और उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार बनाएगा। मुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि आगामी चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार निश्चित रूप से एक मज़बूत सरकार बनाएंगे। बिहार दौरे के दौरान मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि मैं आज बिहार आई हूँ और बिहार की धरती को नमन करती हूँ। मैं देख रही हूँ कि बिहार में विकास की गति तेज़ हो रही है और बिहार कई विकास परियोजनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। इस बार मोदी जी और नीतीश कुमार ज़रूर सरकार बनाएंगे। हम इस प्रगति को और तेज़ करना चाहते हैं, इसलिए मैं इसमें योगदान देने बिहार आई हूँ। इस बीच, सीटों के बंटवारे को लेकर एनडीए में समस्याओं की खबरों पर प्रतिक्रिया



देते हुए, बिहार के उपमुख्यमंत्री और लखीसराय निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को सीटों के बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भीतर मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया और कहा कि गठबंधन एकजुट है और सेवा पर केंद्रित है। सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी प्रशंसा की और कहा कि प्रधानमंत्री ने सेवा की भावना के साथ सबका साथ, सबका विकास के आदर्श वाक्य को आगे बढ़ाया है। बड़हिया में माँ बाला त्रिपुर सुंदरी मंदिर के दर्शन के दौरान एएनआई से बात करते हुए, सिन्हा ने कहा, यह हमारा अनुभव और सक्षम नेतृत्व है जिसने सेवा की भावना के साथ सबका साथ, सबका विकास के आदर्श वाक्य को आगे बढ़ाया है। कहीं कोई समस्या नहीं है। केवल वे लोग भ्रमित हैं जिन्होंने स्वार्थी गठबंधन या महाठगबंधन बनाया है। एनडीए के भीतर सब कुछ बिल्कुल ठीक है। इससे पहले आज, जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने घोषणा की कि वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, जो 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होने वाले हैं।

किशोर ने एएनआई को बताया, पार्टी के सदस्यों ने फैसला किया है कि मुझे पार्टी के अन्य उम्मीदवारों की जीत के लिए काम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, इसलिए मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूँ। सीट बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में तनाव के बारे में पूछे जाने पर किशोर ने कहा, बिहार के लोग इसे पहले से ही जानते थे। वे जानते हैं कि हर व्यक्ति लूट के अपने हिस्से के लिए लड़ रहा है। जितनी अधिक सीटें उन्हें मिलेंगी, उतना ही उन्हें बिहार को लूटने का मौका मिलेगा। एनडीए और महागठबंधन एक ही मंच पर हैं। हमें नहीं पता कि कौन किस सीट पर चुनाव लड़ रहा है।

## दिल्ली में एमपी-एमएलए कोर्ट का दायरा बढ़ा, सीएम रेखा गुप्ता के प्रपोजल को एलजी वीके सक्सेना ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। दिल्ली में सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई के लिए गठित तीन विशेष अदालतों का दायरा अब बढ़ा दिया गया है। अब ये अदालतें पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों से जुड़े मामलों की भी सुनवाई करेंगी। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से भेजे गए इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह कदम राजधानी के राउज एवेन्यू कोर्ट कॉम्प्लेक्स में मौजूद विशेष अदालतों की कार्यक्षमता को और व्यापक बनाएगा। यह कदम न्यायिक प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। जुलाई 2023 में उपराज्यपाल सक्सेना ने सांसदों और विधायकों के खिलाफ बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत मामलों की सुनवाई के लिए तीन विशेष अदालतों की स्थापना को मंजूरी दी थी। गौरतलब है कि यह अधिसूचना दिल्ली उच्च न्यायालय के 2020 के निर्देशों के बाद जारी की गई थी, लेकिन पूर्व केजरीवाल सरकार ने इसे अधिसूचित करने में तीन वर्ष से अधिक की देरी की थी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से तैयार यह प्रस्ताव धारा 25 (CPCR अधिनियम) और धारा 28 (POCSO अधिनियम) के अंतर्गत उपरायपाल की मंजूरी के लिए भेजा गया था, जिसे विधि विभाग ने विधिसम्मत करार दिया। इन तीन अदालतों के अतिरिक्त, दिल्ली में पहले से ही 8 विशेष अदालतें बच्चों से संबंधित अपराधों, बाल अधिकारों के उल्लंघन और POCSO अधिनियम के मामलों की सुनवाई के लिए अधिसूचित की जा चुकी हैं। कानून के प्रावधानों के अनुसार POCSO अधिनियम की धारा 28(1) के तहत राय सरकार, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद, प्रत्येक जिले में एक सेशन कोर्ट को विशेष अदालत के रूप में नामित कर सकती है ताकि बच्चों के खिलाफ अपराधों का शीघ्र निपटारा हो सके। वहीं CPCR अधिनियम की धारा 25 के अनुसार, बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन या अपराधों की त्वरित सुनवाई के लिए राय सरकार, उच्च न्यायालय की सहमति से एक या अधिक अदालतों को बाल अदालत घोषित कर सकती है।

## वीरेंद्र सचदेवा बोले- पटाखों पर रोक के पीछे वामपंथी साजिश, सनातन प्रेमी सरकार ने दिलाई अनुमति

नई दिल्ली । दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में पटाखों को चलाने पर प्रतिबंध लगाने के पीछे वामपंथी सोच काम कर रही थी। उनके अनुसार वामपंथी सोच के लोगों ने एक साजिश के तहत सर्वोच्च न्यायालय में गलत तरीके से आंकड़े रखकर पटाखों को चलाने पर प्रतिबंध लगवाने का काम किया था। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में सनातन प्रेमी सरकार है जिसने अदालत में सही पक्ष और सही आंकड़े रखकर दिल्ली में पटाखे चलाने की अनुमति दिलवाई है। वीरेंद्र सचदेवा का यह बयान सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय के बाद आया है जिसमें अदालत ने 18-21 अक्टूबर तक रोज तीन घंटे तक ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति दे दी है। वीरेन्द्र सचदेवा ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली में दिवाली पर ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति देने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार कहती रही थी की दिवाली की एक रात के पटाखे सर्दी में प्रदूषण बढ़ने के दोषी नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के कई अन्य कारण होते हैं और पिछली सरकार जानबूझकर पटाखों को ही प्रदूषण का दोष देती रही और इस तरह उसने पटाखों पर प्रतिबंध लगवाया। भाजपा नेता ने कहा कि दिल्ली वासियों को इस बार दिवाली पर पटाखे चलाने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि इस बार दिल्ली की जनता ने अपने मताधिकार का बिल्कुल सही उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और गोपाल राय हिन्दू विरोधी लेफ्ट राजनीति करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी की सरकार जानबूझकर ऐसे आंकड़े रखती रही जिनसे प्रभावित होकर सर्वोच्च न्यायालय ने पटाखे जलाने पर रोक लगा दी। उन्होंने कहा कि अदालत में सही आंकड़े रखने के कारण हिंदुओं को लंबे समय के बाद दिवाली की रात पटाखे चलाने की अनुमति मिल पाई है। दिल्ली सरकार में संस्कृति कार्य मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा है कि सरकार बदलते ही दिल्ली में हिंदुओं के त्योहारों पर प्रतिबंध लगना बंद हो गया। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जय श्री राम लिखकर स्वागत किया और कहा कि अदालत में सही जानकारी और आंकड़े रखने के बाद यह निर्णय आया है।

## पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को सरकार का दिवाली तोहफा, वित्तीय सहायता में 100 फीसदी की बढ़ोतरी की

नई दिल्ली ।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाने वाली योजनाओं के तहत पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 फीसदी वृद्धि करने को मंजूरी दी है। इस फैसले के बाद आश्रितों को शिक्षा, विवाह और निर्धनता अनुदान के अंतर्गत मिलने वाली वित्तीय सहायता राशि दोगुनी हो गई है। संशोधित दरें आगामी एक नवम्बर से लागू होंगी।

### निर्धनता अनुदान

बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये योजनाएं पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाती हैं। वित्तीय सहायता में की गई प्रमुख बढ़ोतरी इस के तहत निर्धनता अनुदान की राशि 4,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 8,000 रुपए प्रति माह प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। यह सहायता 65 वर्ष से अधिक आयु वाले उन पूर्व सैनिकों के आश्रितों और विधवाओं को आजीवन दी जाएगी, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है और जो गैर-पेंशनभोगी हैं।

### शिक्षा अनुदान

शिक्षा अनुदान की श्रेणी में दो आश्रित बच्चों (कक्षा 1 से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही विधवाओं के लिए शिक्षा अनुदान एक हजार रुपये से बढ़ाकर दो हजार रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह कर दिया गया है।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।

### विवाह अनुदान

सरकार की ओर से विवाह अनुदान में भी बढ़ोतरी की गई है। इसे 50,000 रुपए से बढ़ाकर 1,00,000 रुपए प्रति लाभार्थी कर दिया गया है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अनुदान अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह अथवा विधवा पुनर्विवाह के लिए लागू होगा, बशर्ते विवाह इस आदेश के जारी होने के बाद संपन्न हुआ हो। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मंजूरी की गई नई दरें 1 नवंबर 2025 से प्राप्त आवेदनों पर लागू होंगी। इससे प्रति वर्ष लगभग 257 करोड़ रुपए का वित्तीय भार पड़ेगा, जो आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे फंड से वहन किया जाएगा। ये सभी योजनाएं रक्षा मंत्री पूर्व सैनिक कल्याण कोष के तहत संचालित हैं, जो आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे फंड का एक उप-कोष है।

# राम गुलाम राय पीजी कॉलेज में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह संपन्न





भटनी देवरिया।

राम गुलाम राय पीजी कॉलेज, बनकटाशिव सह्लहपुर देवरिया में बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम., एम.ए., एम.कॉम. एवं बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं एवं छात्राध्यापकों का भव्य स्वागत समारोह आज सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेश्वर शाही ने की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ संदीप कुमार सोनकर, डॉ कविता मिश्रा, डॉ. राहुल मिश्र, डॉ राधारमण मिश्र, डॉ चंद्रशेखर त्रिपाठी, डॉ. भुनेश्वर शरण मिश्र, डॉ अंजलि तिवारी, डॉ निशु मिश्रा एवं डॉ अब्दुल हामिद अंसारी उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय परिवार में स्वागत किया।बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह ने बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में तृतीय व पंचम सेमेस्टर के छात्र अनुज कुमार यादव, गिरीश सिंह, अभिषेक गौतम, सानिया खान, निकहत शेख, गोविंद शाह, आशीष तथा बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने विशेष योगदान दिया। बी.ए. वर्ग की छात्राएँ शिवांगिनी, अंजलि तिवारी, पायल, रोशनी, अस्तुति, तनु यादव और आँचल ने भी सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम में दीशा पांडे ने शास्त्रीय नृत्य, पवन ने गीत प्रस्तुति, तथा बेबी तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. की छात्रा वृंदा कुमारी ने किया। अंत में प्राचार्य डॉ. राजेश्वर शाही ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# राजा देवी महिला पीजी कॉलेज में नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत समारोह आयोजित





भटनी देवरिया।

राजा देवी महिला पीजी कॉलेज सह्लहपुर, भटनी में नवप्रवेशित छात्राओं के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक उमाशंकर राय और प्राचार्य डॉ अमित कुमार राय ने सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंकिता और निधि पांडेय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जबकि वर्षा ने स्वागत गीत से सभी का मन मोह लिया। अंतिम वर्ष की छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग भर दिया। रितिका कुशवाहा ने गणेश वंदना, रिनिका, सोनम, शिफाली मादव और शिल्पी ने पारंपरिक छठ पर्व पर झांकी प्रस्तुत की। नेहा, चांदनी और नितिका ने भक्ति गीत गाया, वहीं शबनम खातून, निकी यादव और रिमझीम ने नृत्य प्रस्तुत कर तालियाँ बटोरीं।अनन्या मादव ने ग़ज़ल प्रस्तुत की, जबकि शिवानी ठाकुर, अंजू और खुशी ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर नंदकिशोर तिवारी, डॉ अनुज पांडेय और डॉ महेश मादव ने छात्राओं को आशीर्वाद दिया। प्राचार्य डॉ अमित कुमार राय ने सभी छात्राओं को उनके प्रयासों की सराहना करते हुए जीवन में संघर्ष, अनुशासन और परिश्रम के साथ सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का संचालन कु. दिव्या और अंकिता विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ संतोष प्रजापति, डॉ पुनीता मिश्रा, श्रवण पांडेय, रितेश श्रीवास्तव, डांसत्येन्द्र पाल, डॉ राजेश, कु. दिव्या, सतीश त्रिपाठी, अधीक्षक सत्यप्रकाश उपाध्याय, मनोज राय, सभाजीत यादव और विकास साह सहित सैकड़ों छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# खाद्य पदार्थो के लिए गए नमूने, जाँच के उपरांत होगी कार्यवाही

कुशीनगर।

दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज व छठ पर्व जैसे प्रमुख त्यौहारों के दृष्टिगत आमजनमानस को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद कुशीनगर में विशेष खाद्य जांच अभियान संचालित किया गया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार राय के नेतृत्व में 8 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न बाजारों – पडरौना, हाटा, खड्डा, कसया, तमकुहीराज सहित अन्य क्षेत्रों से मिठाई, दूध, पनीर, खोया, घी, नमकीन व तेल आदि खाद्य पदार्थों के कुल 21 नमूने एकत्र किए गए। इन सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर दोषपूर्ण या मिलावटी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही अभियान के दौरान



खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दुकानदारों, मिठाई निर्माताओं एवं खाद्य व्यवसायियों को स्वच्छता, हाइजीन तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया गया। जनमानस को भी जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे खाद्य सामग्री क्रय करते समय उसकी गुणवत्ता, पैकिंग, निर्माण एवं समाप्ति तिथि अवश्य देखें। यह अभियान आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए निरंतर जारी रहेगा ताकि जनपद में सुरक्षित खाद्य वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# पूर्व की भांति आगामी त्योहारों को अधिकारी गण आपसी समन्वय से कराएं संपन्न - डीएम

कुशीनगर।

आगामी दीपावली,भैयादूज, चित्र गुप्त जयंती, तथा छठ पर्व सहित अन्य त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित /संभ्रांत नागरिकों के साथ सेंटर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा की अब तक हम लोगों ने सभी त्योहारों को शांति पूर्वक मनाए है इसी प्रकार अधिकारी गण आपसी समन्वय से आगामी त्यौहार को भी संपन्न कराएंगे ऐसा विश्वास है। उन्होंने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपदवासियों को शुभकामनाएं भी दीं। जिलाधिकारी ने कहा कि अच्छे माहौल में सभी को सुरक्षा के साथ अन्य चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है , फिर भी अच्छे माहौल में अभी तक सभी त्यौहार संपन्न हुए।



उन्होंने आश्वस्त भी किया कि आने वाला त्यौहार भी सकुशल संपन्न होंगे। जिलाधिकारी ने सभी से अनुरोध किया कि यदि कहीं कोई समस्याएं या दिक्कत हो तो समय से उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं ताकि समय रहते समस्या का निदान कराया जा सके। उन्होंने सुरक्षित माहौल में सभी त्योहारों को संपन्न कराने हेतु सभी से सहयोग की अपेक्षा भी की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उक्त त्योहारों दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लिया गया है। उक्त त्योहारों के लिए पुलिस टीम की ड्यूटी भी लगा दी गई है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की है कि सुरक्षित वातावरण में खुशियों के साथ अपने त्योहारों को मनाए। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाये। अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि शासन के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में प्रबुद्धजनों, धर्मगुरूओं ने जिले में अनेकता में एकता, अमन-चैन एवं आपसी सौहार्द कायम रखने पर अपने- अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने एक स्वर से आश्वासन दिया कि वे शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि जनपद में प्यार और भाईचारा बनाये रखें। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जिले में अमन-चैन सदैव बरकरार रहेगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ,समस्त उपजिलाधिकारी गण, समस्त सीओ, थानाध्यक्ष, सभी ईओ, सहित सभी संबंधित अधिकारी गण व विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु मौजूद रहे।

**अधिकारियों एवं प्रबुद्ध जनों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित**
**आगामी दीपावली,भैयादूज, चित्र गुप्त जयंती, तथा छठ पर्व को सकुशल सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने हेतु डीएम ने जनपदवासियों से किया अपील**

# किसान दिवसः सूखे से फसल क्षति पर मुआवज़े की मांग, विभागों को दिए गए सख्त निर्देश

देवरिया ।

जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने की। कार्यक्रम में जिलेभर से आए किसान भाइयों, किसान यूनियन के प्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कृषि से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला कृषि अधिकारी ने गत माह आयोजित किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी दी। किसान यूनियन प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर जनपद में सूखे से हुई फसल क्षति की भरपाई की मांग उठाई। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि फसल बीमा कम्पनी एवं कृषि विभाग द्वारा सर्वे का कार्य कराया जा रहा है, और कटिंग रिपोर्ट के आधार पर पात्र किसानों को क्षतिपूर्ति राशि नियमों के अनुसार दी जाएगी। प्रगतिशील कृषक मारकण्डेय सिंह ने भलुअनी स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार तक पहुंचने के मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत की। जिस पर उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने आश्वासन



दिया कि उप जिलाधिकारी के निर्देशन में शीघ्र ही कब्जा हटवाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों को यह भी बताया कि कृषि यंत्रों जैसे कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि ड्रोन, इनसीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू जैसी योजनाओं के लिए 15 से 29 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल खुला है। इंजीनियर अतुल मिश्रा, मंडल प्रवक्ता, भारतीय किसान यूनियन ने सुझाव दिया कि किसान दिवस की आगामी बैठकों में खण्ड विकास अधिकारी को भी आमंत्रित किया जाए, ताकि विकास खंड स्तर की समस्याओं का समाधान तत्काल हो सके। पशु चिकित्साधिकारी ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसान गौशालाओं में पराली पहुंचाते हैं, तो उन्हें उसी अनुपात में खाद उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों से अपील की गई कि वे पराली जलाने की बजाय इसे गौशालाओं तक पहुंचाएं। बैठक में दुग्ध समितियों के प्रतिनिधियों ने बकाया भुगतान की समस्या उठाई, जिस पर प्रभारी डेयरी प्रबंधक ने बताया कि जिलाधिकारी की ओर से शासन को दो बार पत्र भेजा जा चुका है, बजट मिलते ही भुगतान कर दिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष (भा.कि.यू.) गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि जनपद में कई सरकारी प्रतिष्ठानों द्वारा बंजर और परती जमीनों का उपयोग किया जा रहा है, परंतु अब तक विभागों के नामांतरण नहीं किए गए हैं। इस पर मुख्य राजस्व अधिकारी ने सभी तहसीलों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में नामांतरण की कार्रवाई को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। किसान दिवस की बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, अधिशासी अभियंता नहर, नलकूप, विद्युत विभाग देवरिया, गौरीबाजार एवं सलेमपुर, भूमि संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, प्रभारी कृषि रक्षा अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारी समितियां, दुग्ध उत्पादक संघ के अधिकारी, तथा बड़ी संख्या में किसान नेता उपस्थित रहे। किसान नेताओं में प्रमुख रूप से गिरीश नारायण शाही (जिलाध्यक्ष, भा.कि.यू.), इंजीनियर अतुल मिश्रा (मंडल प्रवक्ता, भा.कि.यू.), कौशलेश नाथ मिश्रा (प्रदेश उपाध्यक्ष, भा.कि.यू.), रमेश मिश्रा (प्रगतिशील कृषक), सत्याग्रहण सरोज, मारकण्डेय सिंह और सदानंद यादव सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# खेल से होता है व्यक्तित्व का समग्र विकास : विनय

पडरौना, कुशीनगर।

**- पडरौना की ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ**
**- खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व व सहयोग की भावना विकसित होती है : बीईओ**

उच्च प्राथमिक विद्यालय मोतीललहा में बुधवार को पडरौना की दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह व बीईओ नगर अमित चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। छात्रों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व मनमोहक प्रस्तुतियों से अतिथियों का मन मोह लिया। नपा अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल का भी जीवन में बड़ा महत्व है।

खेल से बालकों के मानसिक, सामाजिक व नैतिक मूल्यों का विकास होता है। बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह व बीईओ अमित चौहान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आज्ञा पालन, साहस, सहनशीलता व टीम भावना का विकास करती हैं। कार्यक्रम का संचालन शिवानंद मिश्र व रविंद्र पांडेय ने किया। प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश मणि त्रिपाठी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी व खो-खो जैसे खेलों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र, जूशिसं के जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत मणि त्रिपाठी, मंत्री कुंजेश्वर सिंह, राशैसं के जिला उपाध्यक्ष दिलीप पांडेय, अमरदीप शुक्ला, अनूप सिंह, मेहरुद्दीन अली, देवेंद्र मिश्र, राकेश पांडेय, राकेश यादव, पीताम्बर यादव, अनुपम त्रिपाठी, अरविंद मद्धेशिया, राजकुमार भास्कर, गीता चतुर्वेदी, शिवकुमार पांडेय, चंद्र प्रकाश दुबे, आलोक श्रीवास्तव, सुनील पांडेय, परशुराम तिवारी, आदित्य सिंह, मारकंडे प्रसाद व बृजकिशोर मिश्र आदि उपस्थित रहे।

